# डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश
जानकीपुरम विस्तार, सेक्टर – 11, सीतापुर रोड,लखनऊ–226031


**पत्रांक संख्या:** ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / नामांकन / 2025 / 8168 **दिनांक:** 12 / 09 / 2025

## आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध निजी संस्थानों में सत्र 2025–26 में काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों के सापेक्ष प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से (**फार्मेसी विद्या को छोड़कर**) ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन दिनांक–12 सितम्बर, 2025 से करते हुए संस्था स्तर पर मेरिट के आधार पर विशेष काउंसलिंग (स्पॉट) के माध्यम से प्रवेश ले सकते है। **पंजीकरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर दिनांक–12 सितम्बर, 2025 को रात्रि 08.00 बजे से सक्रिय (Activate) कर दिया जायेगा**

| क.सं. | प्रकिया | तिथि |
|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की प्रारम्भ तिथि | 12 सितम्बर, 2025 |
| 2. | ऑनलाइन प्री–रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि | 14 सितम्बर, 2025 |
| 3. | संस्था स्तर पर स्पॉट काउंसलिंग | 15 सितम्बर, 2025 |

पंजीकरण प्रकिया विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध ई0आर0पी0 माड्यूल के अन्तर्गत उपलब्ध पंजीकरण व्यवस्था के माध्यम से करना होगा। प्री–रजिस्ट्रेशन हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर निम्नानुसार ऑनलाइन शुल्क जमा कर पंजीकरण करा सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | उत्तर प्रदेश के सामान्य एवं ओ0बी0सी0 श्रेणी तथा उत्तर प्रदेश से इतर प्रदशों के समस्त श्रेणी के अभ्यर्थी | रू0 1000 / – |
| 2. | उत्तर प्रदेश के अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थी | |

संबंधित सम्बद्ध संस्थानों द्वारा काउंसलिंग के उपरान्त रिक्त बची सीटों पर **जे0ई0ई0(मेन)–2025 / सी0यू0ई0टी0–2025 / नाटा–2025 / यू0सीड–2025 / शैक्षिक अर्हता (10+2 / पाठ्यक्रम के अनुसार यथा लागू)** की मेरिट तैयार करते हुए संस्थान स्तर पर विशेष काउंसलिंग (स्पॉट) की जायेंगी। जिसकी प्रक्रिया निम्नवत् होगी :–

1. संस्थानों में रिक्त बची सीटों के सापेक्ष संस्था स्तर पर आयोजित होने वाली विशेष काउंसलिंग (स्पॉट)में इच्छुक अभ्यर्थी तद्वर्णित प्रकिया के अनुसार सर्वप्रथम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकरण करेगे, संस्थान द्वारा संस्थान में रिपोर्ट किये हुए अभ्यार्थीयों की (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर पंजीकृत छात्रों ) एक मेरिट **जे0ई0ई0(मेन)–2025 / सी0यू0ई0टी0–2025 / नाटा–2025 / यू0सीड–2025 शैक्षिक अर्हता (10+2 / पाठ्यक्रम के अनुसार यथा लागू)** के आधार पर दिनांक 14.09.2025 को सांय 05.00 बजे तक तैयार की जायेगी।

2. उक्त मेरिट को संस्था की वेबसाइट पर दिनांक 15.09.2025 को प्रात 10.00 बजे तक प्रदर्शित किया जाना अनिवार्य होगा, जिसकी एक प्रति विश्वविद्यालय को भी प्रेषित की जायेगी।
3. मेरिट के आधार पर संस्था स्तर पर दिनांक 15.09.2025 को विशेष काउंसलिंग (स्पॉट) करते हुए अर्ह अभ्यर्थी को उपलब्ध रिक्त सीटो के सापेक्ष सीट आवंटित किया जायेगा **(संस्थान को अभ्यर्थियों के अर्हता संबंधित समस्त प्रपत्रों की जाँच अनिवार्य रूप से करनी होगी)**।
4. विशेष काउंसलिंग (स्पॉट)से सीट आवंटित छात्रों की सूची संस्था की वेबसाइट पर दिनांक 15.09.2025 तक अपलोड करना होगा।
5. संस्था द्वारा विशेष काउंसलिंग (स्पॉट) के माध्यम से सीट आवंटित छात्रों की सूची विश्वविद्यालय को दिनांक 20.09.2025 साय 5.00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जायेगा।
**(1.केवल विश्विद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकृत अभ्यार्थी ही संस्थान की स्पॉट काउंसलिंग के लिए आर्हय होगे। 2. संस्था द्वारा मा0 उच्चतम न्ययालय/AICTE द्वारा जारी समय सारणी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जायेगा)**

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–
1. वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. उप कुलसचिव(नामांकन), ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. प्रभारी ई0आर0पी0, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की आवश्यक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित करें।
5. स्टॉफ आफिसर, कुलपति कार्यालय, मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(केशव सिंह)
का0 कुलसचिव

पंजीकरण हेतु निर्धारित प्रकिया निम्नानुसार हैः–

1. विष्वविद्यालय की वेबसाइट https://aktu.ac.in पर जायें।
2. Website के मुख्य पेज पर पंजीकरण हेतु Link/Pop-up प्रदर्षित होगा।
3. लिंक पर क्लिक करते ही प्राथमिक पंजीकरण हेतु आवेदन का प्रारूप उपलब्ध हो जायेगा। अभ्यर्थी को वांछित सूचना, जिसमें योग्यता का विवरण पूर्ण करते हुए कोर्स का चयन करते हुए प्रकिया को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करना होगा।
4. **कृपया ध्यान दें इस पेज पर दी हुई किसी भी जानकारी को अगले चरणों में संषोधित किया जाना सम्भव नहीं होगा, जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, जन्म तिथि, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई0डी0 व लेटरल इन्ट्री एवं उसकी योग्यता आदि का विवरण शामिल है।**
5. सूचना भरने के कम में अभ्यर्थी को अपने सम्पर्क विवरण की सूचना को मोबाइल ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापित कराना होगा। आगे की सभी सूचनायें इसी मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 से सत्यापित होंगी।
6. ओ0टी0पी0 सत्यापित करने के पश्चात अभ्यर्थी को एक पंजीकरण संख्या उपलब्ध हो जायेगी, जिससे अभ्यर्थी अपने डैस–बोर्ड पर पहुँचेगा, जहाँ अभ्यर्थी को अपना शुल्क आनलाइन भुगतान करना होगा। इसके बाद अभ्यर्थी को अपनी शेष बची **जानकारी (शैक्षिक अर्हता संबंधी प्रपत्र) व फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर अपलोड करना होगा।**
7. सभी चरण पूर्ण हो जाने के पश्चात अभ्यर्थी को पुनः अपने अपलोड किये गये डाटा को चेक करने का अवसर प्रदान किया गया है तत्पश्चात ही अभ्यर्थी को फाइनल सबमिट का बटन प्रदर्शित होगा, जिससे वह अपने पंजीकरण को फाइनल सबमिट कर सकेंगे और प्रिन्ट ले सकेंगे।
8. ध्यान रहे कि अभ्यर्थी द्वारा पंजीकरण प्रिन्ट में क्यू–आर कोड अवश्य प्रदर्शित हो रहा हो।

**कृपया ध्यान दें**:– जिस पंजीकरण का भुगतान आनलाइन जमा नहीं होगा वह पंजीकरण मान्य नहीं होगा।